दिनांकः 29.10.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–देश में समुद्री क्षेत्र में पिछले एक दशक में उल्लेखनीय बदलाव हुआ है।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने विश्वविद्यालयों से विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा और कौशल को उभारने का आह्वान किया।
- आईआईटी जोधपुर के वैज्ञानिकों ने हवाई इंजनों के लिए उम्दा किस्म की नयी धातु की खोज की।
- प्रदेश में शहरी और ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से 1 लाख 99 हज़ार से अधिक पट्टे वितरित किये गये।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि समुद्री क्षेत्र भारत के विकास को गति प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में इस क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है और व्यापार तथा बंदरगाह अवसंरचना को बढ़ावा मिला है। श्री मोदी ने आज मुंबई में भारत समुद्री सप्ताह 2025 के अंतर्गत एक सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत का समुद्री क्षेत्र तेज गति और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत के बंदरगाह विकसित देशों से भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

..............

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज हरियाणा के अंबाला स्थित वायुसेना स्टेशन से रफाल लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। यह उड़ान लगभग 25 मिनट की थी। भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर, राष्ट्रपति मुर्मू ने इससे पहले अप्रैल 2023 में असम के तेजपुर वायुसेना स्टेशन पर सुखोई–30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी।

000

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, भूपेंद्र यादव और राव इंद्रजीत सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय राजमार्ग 919 पर दीर्घकालिक जलभराव की समस्या पर उच्च स्तरीय बैठक हुई। इसमें अपशिष्ट जल निस्तारण और पर्यावरणीय संतुलन पर व्यापक चर्चा हुई।
बैठक में भिवाड़ी और धारूहेड़ा दोनों शहरों में जलभराव के स्थायी निवारण पर सहमति बनी ताकि वर्षभर निर्बाध यातायात संचालित हो सके। पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि एनएचएआई को वर्षा जल को मसानी बैराज तक सुचारु रूप से प्रवाहित करने के लिए स्थायी नाले और मजबूत ड्रेनेज प्रणाली विकसित करने के निर्देश दिए गए हैं।

..............

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने आज कोटा के राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालयों से विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा और कौशल को उभारने का आह्वान किया, ताकि वे नवाचारों के केंद्र बन सकें। राज्यपाल ने व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने पर जोर दिया।

..............

उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करना है।

000

निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं के सभी प्रश्नों और शिकायतों के समाधान के लिए राष्ट्रीय मतदाता हेल्पलाइन और सभी 36 राज्यों में राज्य स्तरीय तथा जिला–स्तरीय हेल्पलाइन शुरू कर दी है। राष्ट्रीय संपर्क केंद्र सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए केंद्रीय हेल्पलाइन के रूप में कार्य करेगा। यह टोल–फ्री नंबर 1800–11–1950 रोजाना सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक काम करेगा।
निर्वाचन आयोग ने प्रत्येक राज्य, केंद्र शासित प्रदेश और जिले को अपना–अपना राज्य और जिला संपर्क केंद्र स्थापित करने के निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने 'बीएलओ के साथ बुक–ए–कॉल' सुविधा भी शुरू की है। इसके इस्तेमाल से नागरिक अपने संबंधित बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। ये सुविधाएं चुनाव संबंधी शिकायतों के समाधान की वर्तमान व्यवस्था के अतिरिक्त हैं। नागरिक अपनी शिकायतें कम्पलेंट्स एट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट आई एन पर भेज सकते हैं।

000

आईआईटी जोधपुर के वैज्ञानिकों ने विमानों और रॉकेटों के इंजन के लिए बहुत ही उम्दा किस्म की धातु बनाने में सफलता हासिल की है। इस खोज से विमानों के इंजन का वज़न आधा रह जाएगा और ईंधन भी कम खर्च होगा। सबसे बड़ी बात यह है कि यह धातु 900 डिग्री सेल्सियस जैसी भयंकर गर्मी में भी टूटती नहीं है और अपनी ताकत बनाए रखती है। अभी इस्तेमाल होने वाली धातुएं या तो बहुत भारी होती हैं या गर्मी से कमजोर पड़ जाती हैं। यह नई धातु हल्की, मजबूत और टिकाऊ होने के कारण देश के लिए काफी फायदेमंद साबित होने वाली है।

000

प्रदेश में शहरी और ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से लाखों लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। 17 सितम्बर से 25 अक्टूबर तक 1 लाख 99 हजार से अधिक पट्टे वितरित किए गए। नागरिकों को 1 लाख 75 हजार से अधिक मूल निवास प्रमाण पत्र, 2 लाख से अधिक जाति प्रमाण पत्र बनाये गये। साथ ही, स्वास्थ्य क्षेत्र में 17 लाख से अधिक किशोरियों और गर्भवती महिलाओं की एनीमिया जांच भी की गई। शिविरों में 2 लाख 67 हजार से अधिक मंगला पशु बीमा पॉलिसी जारी की जा चुकी हैं।

000

कृषि और उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने किसानों को उच्च गुणवत्ता के बीज, उर्वरक और पेस्टिसाइड उपलब्ध कराने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने निम्न गुणवत्ता की सामग्री देने वाली कंपनियों पर सख्त कार्यवाही करने की चेतावनी दी है। इसी क्रम में, मंत्री ने हनुमानगढ़ में निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन करने पर दो निजी फर्मों के खिलाफ कार्रवाई की। निरीक्षण में पाया गया कि इन संस्थाओं ने प्रमाणीकरण प्रक्रिया के अनुसार न्यूनतम बीज उत्पादन कार्यक्रम नहीं लिया। नियमों की पालना न होने पर दोनों बीज उत्पादक संस्थाओं के पंजीकरण प्रमाण–पत्र और बीज विधायन केंद्र संख्या निरस्त कर दिए गए हैं।

000

रीको की प्रत्यक्ष आवंटन योजना का छठा चरण शनिवार से शुरू हो रहा है। यह योजना 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट–2024' के तहत एमओयू करने वाले निवेशकों के लिए है। निवेशक आगामी 13 नवम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इस चरण के लिए ई–लॉटरी 18 नवम्बर को निकाली जाएगी। इस बार जयपुर, जोधपुर, बीकानेर जिलों के 100 रीको औद्योगिक क्षेत्रों में लगभग 6 हजार औद्योगिक भूखंड उपलब्ध होंगे।

000

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण राज्य के मौसम में आज भी उतार–चढ़ाव देखने को मिला। जहां सवाईमाधोपुर में बारिश का दौर थमने के बाद धूप खिलने से लोगों ने राहत महसूस की, वहीं बालोतरा, बाड़मेर, जालौर और पाली सहित जिलों में दिनभर बादलों की आवाजाही रही और हल्की बूंदाबांदी हुई। सिरोही जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण तापमान में गिरावट आने से सर्दी महसूस होने लगी है। इस बारिश को गेहूं और सरसों की फसल के लिए फायदेमंद बताया जा रहा है, लेकिन कपास की फसल को नुकसान पहुंचा है।

000

लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के सिलसिले में जयपुर में शनिवार को 'एकता मार्च' का आयोजन किया जाएगा। युवा मामले और खेल विभाग के शासन सचिव डॉ. नीरज कुमार पवन ने आज इसकी तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।
पदयात्रा सुबह 6 बजे गांधी सर्किल से शुरू होकर बिड़ला मंदिर, रामबाग, अंबेडकर सर्किल होते हुए अमर जवान ज्योति पर समाप्त होगी।
केंद्रीय श्रम, रोजगार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया आज शाम नई दिल्ली में इस वर्ष का आकाशवाणी सरदार पटेल स्मृति व्याख्यान देंगे। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। व्याख्यान की रिकॉर्डिंग 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर आकाशवाणी के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित की जाएगी।

000

प्रदेश में गोपाष्टमी पर्व धार्मिक उल्लास और पारंपरिक तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गौशालाओं में पहुंचकर गायों का विधि–विधान से पूजन किया और उन्हें हरा चारा, गुड़ और चना खिलाया। भरतपुर की गढ़ी सांवलदास गौशाला के अलावा भुसावर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस अवसर पर कई स्थानों पर अन्नकूट महोत्सवों का भी आयोजन किया गया, जहाँ ठाकुर जी को भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया।

000

जयपुर की रिज़र्व पुलिस लाइन में 75 लाख रुपये की लागत से बनी डिजिटल लाइब्रेरी आज से शुरू हुई। पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल और ऊर्जा विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा ने इसका उद्घाटन किया। पुलिस आयुक्त ने कहा कि यह केंद्र पुलिसकर्मियों की कार्य दक्षता और क्षमता बढ़ाने में सहयोगी रहेगा।
पुलिसकर्मियों के साथ–साथ उनके परिवारजन भी इस डिजिटल लाइब्रेरी का लाभ ले सकेंगे।

000

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आगामी रविवार 2 नवम्बर को ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा–2025 का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगी। जयपुर में परीक्षा के लिए ढाई सौ केन्द्र बनाये गये हैं।

000

केंद्रीय संचार ब्यूरो कोटा द्वारा बूंदी के पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कल से दो दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यह प्रदर्शनी केंद्र सरकार की 11 साल की उपलब्धियों, 'जीएसटी बचत उत्सव' और 'राष्ट्रीय एकता दिवस' विषयों पर केंद्रित है। प्रदर्शनी के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए तकनीकी सत्र और 'राष्ट्रीय एकता' विषय पर आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

000